# शहरी व ग्रामीण क्षेत्र की गरीबी दूर करने के लिए डीएमए व जेएसएलपीएस के बीच हुआ एमओयू

## गरीबी दूर करने के लिए ग्रामीण विकास व नगर विकास विभाग मिलकर करेंगे काम

### ग्रामीण विकास और नगर विकास में हुआ एमओयू



दबंग हिन्द,संवाददाता

**रांची :** राज्य में शहरी आजीविका मिशन के तहत चल रही योजनाओं-कार्यक्रमों को झारखंड लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी तकनीकी मदद देगा. इसके लिए मंगलवार को ग्रामीण विकास विभाग और नगर विकास विभाग के साथ एमओयू साइन किया गया। इस अवसर पर ग्रामीण विकास सचिव डॉ. मनीष रंजन ने कहा कि यह एक ऐतिहासिक पल है जब राज्य के दो विभाग आपसी समझौते के जरिए एक पहल की शुरूआत कर रहे हैं. राज्य के दो विभाग मिलकर अब शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों की गरीबी दूर करने के लिए एक दूसरे को सहयोग करेंगे। उन्होंने कहा कि आजीविकास का प्रभावी तरीके से पहुंचे इस पर काम किया जायेगा. राज्य के शहरी गरीबों को स्वयं सहायता समूहों से जोड़कर उनके सामाजिक और आर्थिक विकास के लिए जेएसएलपीएस सहयोग करेगा। इस अवसर पर नगर विकास सचिव विनय कुमार चौबे ने कहा कि जेएसएलपीएस कितना प्रभावी तरीके से कार्य करती है उसका ताजा उदाहरण कोविड आपदा के दौरान चलाए गया मुख्यमंत्री दीदी किचन था. इस अवसर पर काफी प्रभावी तरीके से गांव की महिलाओं ने इस पहल को सफल बनाया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के समूहों में उत्पादन की कमी नहीं है, लेकिन उत्पादों के विपणन के लिए दिक्कतें हैं. वहीं शहरी क्षेत्रों में विपणन के कई अवसर हैं. ऐसे में दोनों क्षेत्रों के समावेशन से इस मुश्किल को दूर किया जा सकता है. साथ ही बाजारों से जोड़कर आर्थिक एवं समाजिक विकास में सहयोग प्रदान किया जा सकता है। इस अवसर पर जेएसएलपीएस की सीइओ नैंसी सहाय ने कहा कि यह एक अच्छा अवसर है कि हम और प्रभावी तरीके से अपने कार्यों को साबित कर पायेंगे।11 साल से ग्रामीण आजीविकास प्रोत्साहन में जुटी जेएसएलपीएस को स्वयं सहायता समूहों एवं उनके अंतर्गत किए जाने वाले वित्तीय समावेशन क्रेडिट लिंकिज और बुक कीपिंग की कुशलता को शहरी स्वयं सहायता समूहों को ट्रेनिंग करने में मील का पत्थर साबित होगा. एमओयू के अवसर पर निदेशक नगर विकास विभाग विजया जाधव सहित कई वरीय पदाधिकारी मौजूद थे।

## नगर विकास विभाग और जेएसएलपीएस के बीच एकरारनामा



संवाददाता

## नगरीय प्रशासन निदेशालय और जेएसएलपीएस के बीच एमओयू

### नगर मिशन प्रबंधकों का छह दिवसीय प्रशिक्षण शुरू



राष्ट्रीय सागर संवाददाता

**रांची :** नगरीय प्रशासन निदेशालय, नगर विकास एवं आवास विभाग के तत्वावधान में दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अंतर्गत सहायता समूह आदि के बीच मंगलवार को इकरारनामा किया गया। इसके साथ नगर मिशन प्रबंधकों के छह दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण का शुभारंभ नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव विनय कुमार चौबे सहित अन्य अधिकारियों ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर नगरीय प्रशासन निदेशालय के निदेशक विजया जाधव ने कलसाला को संबोधित करते हुए प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्देश्यों, लाभ एवं वर्तमान समस्याओं से संबंधित विभिन्न बिदुओं पर प्रकाश डाला। विनय कुमार चौबे ने कहा कि आज नगरीय प्रशासन निदेशालय, नगर विकास एवं आवास विभाग तथा झारखंड राज्य आजीविका संवर्धन सोसायटी, ग्रामीण विकास विभाग के मध्य किया गया इकरारनामा तथा स्वयं सहायता समूह के लिए शुरू हो रहा छह दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम एक ऐतिहासिक कदम है। शहर और ग्रामीण दोनों क्षेत्र में रहने वाली महिलाओं का उत्थान करना सरकार की जिम्मेदारी है। नगरीय प्रशासन निदेशालय की निदेशक विजया जाधव ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्देश्यों, लाभों एवं वर्तमान समस्याओं से सम्बंधित विभिन्न बिन्दुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने डीए-एनयूएलएम के विभिन्न अवयवयों के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। उन्होंने कहा कि नगरीय प्रशासन निदेशालय (नगर विकास एवं आवास विभाग) एवं झारखण्ड राज्य आजीविका संवर्धन सोसायटी, ग्रामीण विकास विभाग के मध्य हुए एकरारनामा एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम से झारखंड की ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्र में एसएचजीएस का गठन, संवर्धन, सशक्तिकरण, रोजगार सृजन तथा उनके विकास को गति देने मददगार साबित होगी व इससे राज्य की महिलाएं और ज्यादा सशक्त होंगी। उन्होंने यह भी बताया की सामाजिक उत्प्रेरण एवं सामाजिक विकास शेष पेज 2 पर